# राज्य सचिव का संदेश

प्रिय California मतदाता,

प्रत्येक चुनाव में आपकी भागीदारी हमारे लोकतंत्र के फलते-फूलते रहने को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। California मतदाता के रूप में, आपके पास आगामी 4 नवम्बर, 2025 के **राज्यव्यापी विशेष चुनाव** में मतदान करने का अवसर होगा। यह चुनाव आपको एक मतपत्र प्रस्ताव को **मंज़ूरी देने या उसे अस्वीकार करने** के लिए कहेगा।

आपके पास इसमें भाग लेने के कई तरीके हैं जबकि California मतदान करने के आपके अधिकार की रक्षा और विस्तार करने को कायम रखता है। हम सार्वभौमिक डाक-द्वारा-मतदान मतपत्रों, व्यक्तिगत रूप से मतदान करने के कई तरीके, उसी दिन मतदाता पंजीकरण और अनंतिम मतदान को बनाए रखते हैं, इन सभी को मतदान को सुलभ और सुरक्षित बनाने के लिए तैयार किया गया है।

यह मतदाता सूचना गाइड आपको प्रस्ताव 50 के बारे में एक सूचित निर्णय लेने में मदद करने के लिए तैयार की गई है। इसके अंदर, आपको अपने मतपत्र पर कब, कहाँ और कैसे मतदान करना है, साथ ही विधेयक के एक निष्पक्ष सारांश और विश्लेषण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। इस गाइड में प्रस्ताव 50 के खंडनों के साथ -साथ, पक्ष में और खिलाफ़ आधिकारिक दलीलें दोनों प्रस्तुत की गई हैं, ताकि आप अपनी पसंद का चयन करने से पहले कई तरह के दृष्टिकोणों पर विचार कर सकें।

**आपकी गाइड में शामिल है:**

- समर्थकों और विरोधियों की संपर्क जानकारी सहित, प्रस्ताव 50 के पक्ष में और उसके खिलाफ़ तर्क के साथ एक तटस्थ सारांश। (पृष्ठ 5)

- इस बारे में स्पष्ट निर्देश कि डाक द्वारा, व्यक्तिगत रूप से, या सुरक्षित ड्रॉप बॉक्स के जरिए कैसे मतदान करें। साथ ही, अपने मतपत्र पर हस्ताक्षर करना और उसे सील करने के रीमाइंडर। (पृष्ठ 7)

- **मेरा मतपत्र कहाँ है** अलर्ट्स के बारे में जानकारी *WheresMyBallot.sos.ca.gov* पर मौजूद है।

- मतदाता विकल्प अधिनियम अपनाने वाली काउंटियों में मतदान के लिए बढ़ाए गये दिनों और मतदान केंद्रों के बारे में विवरण, जहाँ आप उसी दिन पंजीकरण और मतदान कर सकते हैं। (पृष्ठ 6)

चुनावों में भाग लेना हमारे जीवन को प्रभावित करने वाले और हमारे समुदाय कैसे संचालित होते हैं, के संबंध में लिए जाने वाले निर्णयों में एक महत्वपूर्ण निर्णय है। मैं आपको इस मुद्दे और इस चुनाव के निहितार्थ के बारे में जानने के लिए समय निकालने, और फिर अपनी पसंद का चयन करने के लिए प्रोत्साहित करती हूँ। मतदान करने का मतलब है कि आपकी आवाज को सुना जाए और आने वाले भविष्य के बारे में आपकी राय को गिना जाए।

हमारे लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए आपका धन्यवाद!